# UNIVERSITY OF ALLAHABAD
Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)
# इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज – 211002, उ0प्र0 (भारत)

पत्रांक : 8109 ...................                                                    दिनांक: 12.09.2025

सेवा में,
निदेशक,
आई0सी0टी सेल,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज।

महोदय,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

## नीलामी सूचना

विश्वविद्यालय के विभिन्न लॉनों से निकालकर विश्वविद्यालय केन्द्रीय लाईब्रेरी के पीछे व अन्य स्थानों पर रखी हुई समस्त निष्प्रयोज्य लोहे की ग्रिलों एवं विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस से निकाले गए निष्प्रयोज्य 17 स्प्लिट एसी और 08 विन्डो एसी को बन्द बोली के माध्यम से नीलाम किया जायेगा। जिन खरीदारों को निष्प्रयोज्य समानों को नीलामी मे कय करना है, वे निर्धारित प्रारूप पर अपनी बोली/मोहरबन्द निविदायें दिनांक 15.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 अपराहन 05:00 बजे तक सम्पत्ति कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते हैं जो दिनांक 24.09.2025 को अपराह्न 03:00 बजे सम्बन्धित समिति के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.allduniv.ac.in** के साथ भारत सरकार के **GeM- CPP** पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

<u>प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. कुलसचिव ।
2. मुख्य कुलानुशासक ।
3. परीक्षा नियंत्रक।
4. वित्त अधिकारी।
5. विश्वविद्यालय पी0आर0ओ0 को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. कुलपति महोदया के सचिव को कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
7. जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज नोटिस बोर्ड ।
8. पी0एच0क्यू0 नोटिस बोर्ड ।
9. लोक सेवा आयोग नोटिस बोर्ड ।
10. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
11. पी0डब्लू0डी नोटिस बोर्ड ।

कुलसचिव
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

# UNIVERSITY OF ALLAHABAD

Prayagraj – 211 002, U. P. (INDIA)

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज – 211002, उ0प्र0 (भारत)

## नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न लॉनों से निकालकर विश्वविद्यालय केन्द्रीय लाईब्रेरी के पीछे व अन्य स्थानों पर रखी हुई **समस्त निष्प्रयोज्य लोहे की ग्रिलों एवं विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस से निकाले गए निष्प्रयोज्य 17 स्प्लिट एसी और 08 विन्डो एसी को "जहाँ है जैसे है"(As is where is) आधार पर** बन्द बोली के माध्यम से नीलामी की जायेगी। जिन खरीदारों को उक्त सामग्रियों को नीलामी में क्रय करना है वे निर्धारित प्रारूप पर अपनी बोली/मुहर बन्द निविदाएं 15.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक सम्पत्ति कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते हैं, अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा सम्पत्ति कार्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज–211002, (उ0प्र0) के पते पर प्रेषित कर सकते हैं जो दिनांक 15.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए। अन्तिम तिथि दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक प्राप्त निविदाएं दिनांक 24.09.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इस प्रयोजन हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**नीलामी हेतु शर्तें एवं विवरण निम्नवत हैं:–**

1. नीलामी समिति द्वारा निष्प्रयोज्य लोहे की ग्रिलों की निविदा हेतु न्यूनतम बोली रू0 8,56,475/– **(आठ लाख छप्पन हजार चार सौ पचहत्तर रूपये मात्र)** एवं निष्प्रयोज्य 17 स्प्लिट एसी और 08 विन्डो एसी की निविदा हेतु न्यूनतम बोली रू0 1,17,500/– **(एक लाख सत्रह हजार पांच सौ रूपये मात्र)** निर्धारित की गई है।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 04.09.2025 से दिनांक 10.09.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में विश्वविद्यालय केन्द्रीय लाईब्रेरी के पीछे व अन्य स्थानों में जाकर निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निरीक्षण कर सकते हैं।
3. यह नीलामी सूचना विश्वविद्यालय की वेब साइट **www.allduniv.ac.in** के साथ https://eprocure.gov.in पर भी उपलब्ध है।
4. निविदा दाता को **धरोहर धनराशि रू0 1,00,000/–(एक लाख रूपए मात्र)** का बैंक ड्राफ्ट जो कि वित्त अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नाम देय हो, निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. यदि प्राप्त बोली/निविदाओं के राशि से नीलामी समिति सन्तुष्ट नहीं है तो समिति को ये अधिकार होगा कि वह एक या सभी निविदा दाताओं को बुलाकर वार्ता कर सकती है एवं निविदा राशि में संशोधन अथवा निविदा राशि वृद्धि के लिए कह सकती है। इस सम्बन्ध में अन्य निविदादाताओं का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. निविदा दाता को निविदा के साथ आधार कार्ड/पैन कार्ड/जी0एस0टी0 की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
7. उच्चतम बोली दाता को अधिकतम बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद दो कार्यदिवसों के अंदर जमा करना होगा अन्यथा बोली दाता द्वारा जमा की गई धरोहर धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।

8. नीलामी की बोली नीलामी समिति द्वारा स्वीकृत होने के पश्चात् सूचना प्राप्त होते ही उच्चतम बोली दाता शेष धनराशि एवं नीलामी की कुल धनराशि पद देय अन्य कर सहित कुल धनराशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करनी होगी, जिसे जमा न करने पर बोली दाता के पक्ष में स्वीकृत की गई नीलामी को निरस्त करते हुए उसकी जमा की गई धरोहर धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।

9. नीलामी प्रकिया मे नीलामी समिति का अन्तिम निर्णय मान्य होगा। नीलामी की बोली सन्तोषजनक न होने की दशा में नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार समिति के पास है।

10. निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बोली "जहाँ है जैसे के आधार पर" की जायेगी।

11. एक या समस्त बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा, इसके लिए कोई समय सीमा बोली निर्धारित नही है, इस सम्बन्ध में नीलामी बोली दाताओं का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

12. अन्तिम तिथि दिनांक 23.09.2025 अपरान्ह 05:00 बजे के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक एवं अन्य किसी भी विलम्ब के लिए इलाहज4बाद विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

13. नीलामी के सम्बन्ध में यदि कोई विवाद होता है तो उसका आर्बीट्रेशन न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

14. बोली स्वीकृत होने पर बोली दाता को बोली की सम्पूर्ण धनराशि पर देय करों को जमा करने की जिम्मेदारी निविदा दाता की होगी एवं एक सप्ताह के अन्दर निष्प्रयोज्य सामग्रियों को अपने खर्चे पर उठाना होगा अन्यथा विभाग द्वारा प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क अलग से लगाया जा सकता है। निष्प्रयोज्य सामग्रियाँ प्राप्त करने से पूर्व बोली दाता द्वारा पहचान पत्र के रूप में पैन कार्ड/आधार कार्ड की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

15. यदि उक्त तिथि पर किन्हीं कारणों से नीलामी नहीं की जाती है तो किसी व्यक्ति/फर्म का किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा एवं सभी प्रकार के सम्पूर्ण अधिकार समिति के पास सुरक्षित होंगे।

16. बोली स्वीकृत होने तक अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति द्वारा जमा की गई धनराशि पर किसी प्रकार का ब्याज अथवा अन्य कोई दावा मान्य नहीं होगा।

17. अधिकतम बोली लगाने वाले को बोली की धनराशि का अनुमोदन यदि सक्षम अधिकारी द्वारा नहीं दिया जाता है, तो नीलामी निरस्त कर दी जायेगी तथा धरोहर धनराशि एवं जमा 25 प्रतिशत धनराशि वापस कर दी जायेगी। इसके उपरान्त सामग्री प्राप्ति का विधिक दावा मान्य नहीं होगा।

18. निविदा दाता को केन्द्र / राज्य सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (Pollution Control Board) में (E-Waste) कय हेतु पंजीकृत होना चाहिए ।

19. निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी में केन्द्र / राज्य सरकार के सभी अद्यतन नियम लागू होंगे।

निविदा प्रपत्र निष्प्रयोज्य सामाग्रियों की नीलामी हेतु

1.निविदा दाता के फर्म का नाम एवं पूरा पता : .........................

2.दूरभाष / मोबाइल नम्बर : ............................

3.फर्म का रजिस्ट्रेशन नम्बर : ..........................

4.फर्म का जी0एस0टी नम्बर : ..........................

5.पैन : ..........................

6.फर्म की प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पंजीकरण संख्या : .........................

7.संलग्न सुरक्षा धनराशि का विवरण : .........................

मुझे उक्त सभी शर्ते स्वीकार हैं एवं उक्त सभी शर्तो पर मैं निविदा में प्रतिभाग करने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक ........................

निविदादाता के हस्ताक्षर

कुलसचिव

इलाहाबाद विश्वविद्यालय